तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

14 कन्या कालेज में जनजातीय समाज के गौरवशाली...



14 खमढोड़गी जलाशय में कलेक्टर ने किया काय...





## खबर संक्षेप

### धान बेचकर ट्रैक्टर की किश्त चुकाएंगे किसान



**कांकेर।** जिले के किसानों को समर्थन मूल्य पर प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ लगातार मिल रहा है। नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मालगांव के किसान वट्टी खुद की एक एकड़ कृषि भूमि में उत्पादित 20 क्विंटल धान को उपार्जन केंद्र मालगांव में विक्रय करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि धान बेचकर उससे प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग वे पूर्व में लिए गए ट्रैक्टर की किश्त चुकाने में करेंगे, जिससे उनकी कृषि कार्यों में और सुगमता आएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी ऐतिहासिक कदम है, जिससे मेहनतकश किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है और साथ ही खेती-बाड़ी को मजबूत आधार भी मिल रहा है।

### कृत्रिम अंग निर्माण: चिन्हांकन एवं मापन शिविर होगा आज

**कांकेर।** दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग नकली हाथ-पैर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में ब्लॉक स्तरीय चिन्हांकन-मापन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में दिव्यांगजन का परीक्षण, चिन्हांकन, मापन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं संपादित की जाएंगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शिविर के सफल संचालन के लिए आदेश जारी कर विभागवार दायित्व सौंपा गया है। जारी आदेश के अनुसार सीएमएचओ को दिव्यांगजन का चिन्हांकन, प्रमाणीकरण तथा स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने एवं अन्य विभाग को भी दायित्व सौंपा गया है।

**सफलता : दुधावा मुठभेड़ के बाद लगातार सरेंडर की तलाश में था रामदेर**

# 15 साल से कांकेर में आतंक मचाने वाला नक्सली दंपति रामदेर–ललिता के समर्पण से पुलिस ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

परतापुर एरिया कमेटी के प्रभारी रामदेर और उनकी पत्नी परतापुर एरिया कमेटी की सचिव ललिता ने खैरागढ़ जिले के बकरकट्टा थाने पहुँचकर आत्मसमर्पण कर दिया। इनके साथ एमएससी जोन के लगभग 10 अन्य नक्सलियों ने भी समर्पण किया है। दोनों नक्सली लंबे समय से सरेंडर करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन डर और परिस्थितियों के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे थे। कांकेर जिले में इनके साथ काम करने वाले बचे नक्सली अब समर्पण के लिए आगे आ सकते है। विदित हो कि जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में कांकेर जिले के दुधावा क्षेत्र में सीसी मेंबर चलपति के साथ मुठभेड़ के दौरान रामदेर बुरी तरह फँस गया था। इस मुठभेड़ से बचकर चलपति तो गरियाबंद भाग निकला और वहाँ पुलिस पार्टी पर हमला कर जान लेने में सफल रहा, लेकिन रामदेर किसी तरह विश्रामपुरी के रास्ते होते हुए बालाघाट पहुँच गया। इसके बाद से उसने कई माध्यमों से कांकेर पुलिस से संपर्क कर समर्पण की इच्छा जताई थी, परंतु उस पर दर्ज मामलों की अधिकता के कारण वह लगातार डर में था। लगभग एक दर्जन से अधिक नामजद मामले उसके खिलाफ कांकेर जिले में दर्ज हैं। कुछ जानकारों के अनुसार वर्ष 2024 में उसे सीसी मेंबर बनाते हुए पत्नी ललिता के साथ (महाराष्ट्र–मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़) यानी एमएमसी जोन का प्रभारी बनाकर भेजा गया था। पिछले एक वर्ष से यह दंपति एमएमसी जोन में सक्रिय थे, लेकिन रामदेर की मजबूत पकड़ कांकेर जिला में ही थी, जहाँ उसका नेटवर्क बेहद प्रभावशाली रहा है। दंपति के आत्मसमर्पण से न केवल कांकेर पुलिस को बड़ी राहत मिली है, बल्कि जिले में सक्रिय इनके समर्थकों के लिए भी समर्पण का रास्ता खुल गया है।

**एमएमसी जोन में एक साल से सक्रिय दंपति पर जिले के कई थानों में नामजद एफआईआर समर्थकों के समर्पण का रास्ता खुला**





#### कांकेर जिले में दर्जनों मामले दर्ज

करीब 15 वर्षों से कांकेर जिले में सक्रिय रहे रामदेर और ललिता को बेहद खूंखार नक्सली माना जाता रहा है। कई मुठभेड़ों में रामदेर बारीकी से बच निकलता था। 16 अप्रैल 2024 को हुई एक मुठभेड़ में ललिता के मारे जाने की अफवाह तक फैल गई थी, जो बाद में गलत साबित हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार ललिता ग्राम कोण्डे का पारा, मेज्जीमेण्ड्री नदी के इस पार की रहने वाली है, जबकि रामदेर उर्फ मज्जी निवासी मज्जीमेण्ड्री, थाना बेदरे, जिला बीजापुर का है। दोनों के खिलाफ कांकेर जिले के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक नामजद मामले दर्ज हैं।

#### कलपर व दुधावा मुठभेड़ से डर गया था

पुलिस सूत्रों के मुताबिक कलपुर मुठभेड़ में पति व पत्नी और दुधावा मुठभेड़ में रामदेर के बाल-बाल बचने के बाद से ही रामदेर के मन में भय बैठ गया था। तभी से उसके आत्मसमर्पण की चर्चाएँ तेज हो गई थीं। अंततः उसने पत्नी ललिता और एमएमसी जोन के अन्य साथियों के साथ बकरकट्टा थाना पहुँचकर सुबह-सुबह हथियार डाल दिए। यह दंपति हमेशा एके-47 से लैस होकर चलता था।

#### मुख्यधारा में लौटने की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि रामदेर और ललिता लंबे समय तक कांकेर जिले के परतापुर इलाके में सक्रिय रहे। दोनों के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक वर्ष पहले इनके एमएमसी जोन में भेजे जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। अब इनके आत्मसमर्पण के बाद कांकेर जिले में सक्रिय नक्सली रूपी, चंदर और फागू को भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की गई है।

## नल-जल योजना के वाल चैंबर उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



▪ पुलिस की तत्परता से हुआ बड़ी चोरी का खुलासा

कोयलीबेड़ा में नल-जल योजना के तहत लगे चार वाल चैंबर चोरी कर बेचने की फिराक में घूम रहे शातिर चोर को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी ने केवल एक नहीं, बल्कि भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ क्षेत्र में की गई कई चोरी की वारदातों का भी खुलासा कर पुलिस को हैरान कर दिया। कोयलीबेड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नल–जल योजना के अंतर्गत स्थापित चार नग वाल चैंबर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में वाल चैंबर छुपाकर बेचने की तैयारी में इलाके में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान भानुप्रतापपुर संजयपारा निवासी 32 वर्षीय अर्जुन नेताम पिता मुन्ना राम के रूप में हुई। जांच के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि उसने 9 दिसंबर को पम्प हाउस कोयलीबेड़ा के पास नल-जल योजना के अंतर्गत लगे चार पुराने वाल चैंबर चोरी किए थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 28 हजार रुपएं आंकी गई है। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने गहराई से पूछताछ की तो अर्जुन नेताम द्वारा जिले के ⏭ शेष पेज 12 पर

## नाथियानवागांव सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवको की पहचान, खमढ़ोड़गी थे निवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर।



बाइक पर तीन युवक थे सवार और गति थी अनियंत्रित

एनएच-30 पर अज्ञात वाहन से स्पोर्ट्स बाइक टकराई, सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

कांकेर जिले में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। राजाराव पठार मेला देखकर लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक को तेज रफ्तार में आती अज्ञात वाहन ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक मौत से जूझते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनो मृतक का पीएम करवाकर शव को 9 दिसंबर को परिजनो को सौंपा गया। जिले के नाथियानवागांव के पास बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में खमढ़ोड़गी गांव के तीन युवकों का भविष्य पलभर में उजड़ गया। जानकारी के मुताबिक खमढ़ोड़गी निवासी 18 वर्षीय वासुदेव रायस्त, 17 वर्षीय रामचंद्र कोठवार और 18 वर्षीय अरुण हिचामी शुक्रवार शाम राजाराव पठार मेला देखने गए थे। मेला देखकर तीनों लगभग शाम साढ़े पाँच बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। जब वे नाथियानवागांव के पास पहुँचे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना की सूचना खमढ़ोड़गी निवासी ओंकार सिंह रायस्त ने पुलिस को दी। तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## बिना पर्ची दवा मांग रहा युवक बिफरा, स्टाफ को जान से मारने दी धमकी



**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ा में सोमवार 8 दिसंबर की शाम उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब एक युवक बिना पर्ची दवा लेने पहुंचा और स्टाफ द्वारा नियमों के अनुसार पर्ची लाने की बात कहने पर अचानक आक्रोशित हो उठा। युवक द्वारा स्टाफ के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और शासकीय कार्य में बाधा डालने की घटना से अस्पताल का माहौल तनावपूर्ण हो गया। अमोड़ा अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक 40 वर्षीय डॉ. राजीव रंजन तारम पिता स्व. राम तारम अपने स्टाप के साथ बीती रात को ही लिखित में शिकायत सौंपा था। चिकित्सक ने पुलिस को लिखित में बताया कि 8 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे अलबेलापारा कांकेर निवासी सौरभ नेताम अस्पताल पहुंचा और बिना पर्ची दवाई देने की जिद करने लगा। फार्मासिस्ट तारा समुन्द द्वारा पर्ची बनाने कहा गया तो युवक भड़क गया और /"पर्ची नहीं बनाऊंगा, बिना पर्ची दवा दो/" कहते हुए गाली देने लगा। डॉ. तारम ने बताया कि युवक ने अस्पताल स्टाफ को /"देख लेने/" की धमकी दी, जान से मारने की बात कही और ⏭ शेष पेज 12 पर

**न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया आरोपी**

## बेटे की बेरहमी से दहला गांव, मामूली बात पर पिता पर टंगिया से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम गुमड़ीडीह में पारिवारिक विवाद ने उस समय भयावह रूप ले लिया, जब एक बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता पर टंगिया से हमला कर दिया। खेत में काम के दौरान हुई छोटी-सी नोकझोंक देखते ही देखते हिंसा में बदल गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। समय रहते मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी। पुलिस ने मामला दर्ज होते ही आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुँचे गुमड़ीडीह निवासी 70 वर्षीय बजनाथ यादव ने दुर्गुकोंदल थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि 7 दिसंबर को वे अपनी पत्नी बुलको बाई, बेटे नंदलाल और बहू के साथ खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान खेत में लगा बोर मशीन अचानक खराब हो गया। बजनाथ ने बेटे से मशीन ठीक करने को कहा, लेकिन इतनी-सी बात पर नंदलाल आग बबूला हो गया। उसने पिता पर आरोप लगाया कि वे काम ⏭ शेष पेज 12 पर

### सारवण्डी से पृथक होकर ग्राम साल्हेटोला बना नया राजस्व ग्राम

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग की अधिसूचना के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। ग्राम पंचायत सारवण्डी (प.ह.नं. 08), राजस्व निरीक्षक मंडल दुधावा, तहसील सरोना के ग्राम सारवण्डी से आश्रितपारा साल्हेटोला को पृथक कर नया राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। इसके लिए अंतिम अधिसूचना जारी कर ग्राम साल्हेटोला को स्वतंत्र राजस्व ग्राम का दर्जा ⏭ शेष पेज 12 पर

**किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से हर्ष**

# विधायक विक्रम की पहल का बड़ा असर मन्हाकाल में धान उपार्जन केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मन्हाकाल गांव के किसानों को लंबे समय से जिस सुविधा का इंतज़ार था, वह अब पूरा हो गया है। मन्हाकाल ग्राम में नया धान उपार्जन केंद्र शुरू होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को न केवल राहत मिली है, बल्कि कृषि कार्यों में आने वाली प्रमुख परेशानियों का भी समाधान हो गया है। किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक विक्रम उसेंडी की पहल पर यह केंद्र शुरू किया गया, जिसने ग्रामीण अंचल में उत्साह और संतोष दोनों का वातावरण बना दिया है। कल से टोकन वितरण प्रक्रिया शुरू होते ही उपार्जन क्रियाकलाप पूरी तरह गति पकड़ने लगेंगे। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी के प्रयासों से मन्हाकाल ग्राम में धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ कर दिया गया है। यह कदम किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। मन्हाकाल प्रवास के दौरान किसानों ने विधायक से ⏭ शेष पेज 12 पर

#### किसानों ने विधायक का जताया आभार

किसानों ने विधायक विक्रम उसेंडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित उनकी मांग पूरी होने से खेती-किसानी के कार्यों में आसानी होगी और आर्थिक मजबूती भी बढ़ेगी। केंद्र शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और किसानों में खरीदी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने की खुशी साफ देखी जा सकती है।

#### खरीदी की पूरी तैयारी हो गई

केंद्र प्रबंधन ने जानकारी दी है कि धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए कल से टोकन वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। किसानों को निर्धारित समय पर पहुँचकर अपना टोकन लेना होगा, जिसके क्रम में तुलाई और भुगतान की प्रक्रिया आगे संचालित होगी। केंद्र में तुलाई मशीन, भंडारण व्यवस्था, किसान सहायता काउंटर सहित सभी आवश्यक संसाधन पूर्ण रूप से तैयार कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किसी भी किसान को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## दुर्गुकोंदल में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ दुर्गुकोंदल के उन्मुक्त खेल मैदान में हुआ। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में रोमांचक मुकाबले में पहले दिन 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, वॉलीबॉल, कबड्डी एवं पारंपरिक खेल गीली-डंडा में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतिभागी उत्साह के साथ दूसरे दिन के मुकाबलों की तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सविता उईके, सरपंच मुकेश नरेटी, शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, दीपक पुड़ो, विजय पटेल, जोहान गावड़े, रजमन आंचला, सरपंच कर्रामाड़ तथा सोमनाथ नेताम उपस्थित रहे।

इन्हें दी गई जिम्मेदारी

महोत्सव संचालन में मुख्य भूमिका निभा रहे संरक्षक गंगाधर वाहले, अनुभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर एवं संचालक मंडल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे, रामधन ठाकुर, अंजनी मंडावी, आरके किशोरे, लतीफ सोम, अजय नेताम, प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, सदेसिंह कोमरे, प्रकाश गोस्वामी सभी को अनुशासन समिति में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विरोध प्रदर्शन : जेल में संदिग्ध मौत को लेकर न्याय की मांग

# भानुप्रतापपुर में बंद का दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. जीवन ठाकुर की जेल में हुई संदिग्ध मौत के विरोध में मंगलवार को भानुप्रतापपुर नगर में बस्तर बंद का व्यापक और शांतिपूर्ण असर देखने को मिला। न्याय की मांग को लेकर नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और दुकानें दोपहर 2 बजे तक पूर्णतः बंद रहीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्थानीय समुदाय इस संवेदनशील मुद्दे पर गहरा आक्रोश और एकजुटता रखता है।

सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भानुप्रतापपुर ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घटना को संगठित व उच्च-स्तरीय हत्या के रूप में दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में अधिकारियों और राजनीतिक हस्तियों पर भू-माफियाओं से साठगाँठ और राजनीतिक हस्तक्षेप के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके कारण जीवन ठाकुर को कथित तौर पर निशाना बनाया गया। इस दौरान कृष्णा टेकाम, विष्णु कचलाम, रमल कोर्राम, पवन दनाप, जागेश नरेटी, रवि दुग्गा, अनूप सोनवानी, जुगल कोरेटी, अनिल कुमार, संजय, रिंकू ठाकुर, भागवत कुंजाम, राजकुमार कोरेटी, पीनू कोरेटी, विषम, विक्की, मानिक, महेंद्र, ओमकार मंडावी, शैलेन्द्र कोर्राम, भावेश मांडवी, दानवीर, लंकेश, महेंद्र, सुरेश व मनीष उपस्थित रहे।

आदिवासी समाज की प्रमुख मांगें है कि परिवार के आवेदन के बावजूद 1 दिसंबर को जीवन ठाकुर को केन्द्रीय जेल रायपुर स्थानांतरित किया गया, लेकिन इसकी जानकारी परिजनों को नहीं दी गई। अचानक अस्वस्थ होने की जानकारी भी छुपाई गई। समाज ने सीधे तौर पर थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार, जेल अधीक्षक सहित कुल 4 अधिकारियों को जीवन ठाकुर की मौत के लिए प्राथमिक रूप से दोषी ठहराया है। इन पर लापरवाही, साक्ष्य छुपाने, अमानवीय आचरण और कस्टोडियल नेग्लिजेंस का आरोप है।




### कार्रवाई नहीं होने पर करेंगे उग्र प्रदर्शन

सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने भानुप्रतापपुर में अपनी दृढ़ता दोहराते हुए कहा कि जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और जीवन ठाकुर की मृत्यु से जुड़ी सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक उनकी यह न्याय की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया और दोषी अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो सर्व आदिवासी एवं ओबीसी समाज द्वारा अनिश्चितकालीन उग्र प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सरकार की होगी।

## संदिग्ध मौत के विरोध में दुर्गुकोंदल में भी रहा बंद



**दुर्गुकोंदल।** सर्व आदिवासी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में मंगलवार को बस्तर बंद का व्यापक असर देखने को मिला। समाज के आव्हान पर दुर्गुकोंदल में सुबह से ही सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और बाजार पूरी तरह बंद रहे। बंद शांतिपूर्ण तरीके से किया गया और समाज के सभी वर्गों ने न्याय की मांग के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि जीवन ठाकुर समाज के सक्रिय नेता थे, जिनकी कथित संदिग्ध मौत समाज में गहरी पीड़ा और अनेक प्रश्न खड़े करती है। समाज ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक सच्चाई उजागर नहीं होती और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारी कल्याण संघ दुर्गुकोंदल ने भी बंद का समर्थन किया। संघ के अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद पारख एवं सह सचिव गेंदालाल लावते ने व्यापारियों से सहयोग की अपील की, जिसके चलते सभी प्रतिष्ठान पूर्ण सहयोग में बंद रहे। बंद को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं युवा सुबह से ही मैदानी स्तर पर जुटे रहे। बंद के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी सतर्क रहा। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन न्याय और आदिवासी अस्मिता की लड़ाई है और इस लड़ाई में पीछे हटने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर जनभावनाओं का सम्मान करने की मांग की। समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

## नगर पालिका में त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं का किया जा रहा समाधान

**कांकेर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया के मार्गदर्शन में जन समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण की कार्यवाही की दिशा में शहर के नया बाजार को व्यवस्थित करने विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बाजार स्थल के पीछे खाली भूमि की साफ सफाई कराकर मार्ग पर पसरा लगाने वालों को बाजार स्थल में शिफ्ट करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश जारी कर बाजार को व्यस्थित रूप से स्थापित किया गया। जन समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिले के नगरीय निकाय प्लेस्मेंट कर्मचारी संघ से संवाद स्थापित कर ईएसआईसी के संबंध में उतपन्न शंका का त्वरित समाधान करते हुए प्लेस्मेंट एजेंसी द्वारा प्रतिमाह जमा किए ईएसआईसी चालान का अवलोकन कराते हुए समस्या का समाधान किया गया। अघन नगर वार्ड में पुराने जर्जर शासकीय मकानों के मलबे में दबे हैण्डपंप के वाटर लेवल का परीक्षण कराकर वाटर लेवल नीचे होने के चलते उक्त हैण्डपंप के बोर को सुरक्षा की दृष्टि से कैप लगाकर बंद कराया गया व साथ ही उक्त वार्ड में निरंतर जल आपूर्ति के लिए जल आवर्धन योजनांतगर्त संचालित पाईप लाईन का आवश्यक मरम्मत कार्य करवाते हुए निरंतर पेयजल आपूति की जा रही है। साफ सफाई व्यवस्था के दौरान टूट गए वाल्व चेंबर के स्थान पर नवीन ढक्कन लगाकर उक्त चेंबर को बंद कराया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा त्वरित कार्यवाही कर निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## कोदापाखा धान खरीदी केंद्र में किसानों ने टोकन सीमा 2000 क्विंटल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

कोदापाखा धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की धीमी रफ्तार को लेकर किसानों ने गंभीर नाराजगी जताई है। मंगलवार को बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर प्रतिदिन जारी किए जाने वाले टोकन की सीमा बढ़ाने की मांग की। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में धान की कटाई और मिजाई 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है, परंतु धान खरीदी की व्यवस्था किसानों की संख्या के अनुसार बिल्कुल अपर्याप्त है।

वर्तमान में केवल 800 क्विंटल प्रतिदिन टोकन जारी किए जा रहे हैं, जबकि खरीदी केंद्र में 900 पंजीकृत किसान हैं, जिनकी उत्पादन क्षमता भी काफी अधिक है। किसानों ने कहा कि इतनी कम मात्रा में खरीद होने के कारण रोज़ टोकन लेने के लिए भारी भीड़ जमा होती है, जिससे धक्का–मुक्की, विवाद और कर्मचारियों के साथ अनावश्यक तनाव की स्थिति निर्मित हो जाती है। कई किसान सुबह से देर शाम तक इंतजार करते रह जाते हैं, फिर भी उन्हें टोकन नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि धान खेतों में कट चुका है और लगातार मौसम बदलने का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में खरीदी में देरी होने पर धान खराब होने और आर्थिक नुकसान की पूरी संभावना है। किसानों ने बताया कि कई बार यह समस्या अधिकारियों को बताई गई है, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि



यदि 3 दिनों के भीतर टोकन की सीमा बढ़ाकर 2000 क्विंटल प्रतिदिन नहीं की जाती, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सभी किसानों ने एक स्वर में धान खरीदी प्रक्रिया को तेज करने और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है, जिससे उनकी मेहनत का उचित और समय पर मूल्य मिल सके। किसानों का कहना है कि उनकी मांग जायज़ और आवश्यक है, और प्रशासन जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाए, ताकि केंद्र में अव्यवस्था और तनाव की स्थिति समाप्त हो सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में जगत दुग्गा, नंदकुमार खरे, सरपंच मुकेश गावडे, उपसरपंच बलराम टेपरिया, सरपंच जोहन गावडे, सामसिंह नरेटी, विजय कोमरा, दीपक कल्लो उपस्थित रहे।

## आरक्षण से जनप्रतिनिधि बने पर समाज पर संकट में खामोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर।

कांकेर जिले में अवैध धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक जड़ों, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों को गहरी क्षति पहुँचाई है। वर्षों से चल रही इस प्रक्रिया ने सामाजिक ताने-बाने को कमजोर किया है और ग्राम सभाओं के पारंपरिक अधिकारों को चुनौती दी है। इसी गंभीर परिस्थिति को देखते हुए सर्व समाज कांकेर द्वारा 14 दिसंबर को एक शांतिपूर्ण, लेकिन व्यापक जनआंदोलन आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा सुनिश्चित करना है। यह आंदोलन किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे सर्व समाज की सामूहिक चेतना और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक होगा। सर्व समाज कांकेर ने समस्त नागरिकों, युवाओं, माताओं-बहनों, परंपरागत नेतृत्व और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में



बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने समाज की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर खड़े हों। सर्व समाज के सदस्य ईश्वर कावड़े ने कहा कि हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद जनता के मत से, विशेषकर आदिवासी समाज के आरक्षण के आधार पर संवैधानिक पदों पर पहुंचे हैं। आरक्षण का उद्देश्य सदैव यही रहा कि जो समाज ऐतिहासिक रूप से पिछड़ा है, उसके हितों, अधिकारों और संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। किंतु बेहद विचित्र और चिंताजनक है कि अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दे पर इन जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और निष्क्रियता कहीं न कहीं मौन स्वीकृति का संकेत देती प्रतीत होती है। समाज द्वारा लगातार विरोध ग्राम सभाओं की आपत्ति और समुदाय की पीड़ा के बावजूद हमारे प्रतिनिधि समाज के साथ खुलकर खड़े होने से क्यों बच रहे हैं, यह प्रश्न आज हर ग्रामीण, हर युवा और हर परंपरागत समुदाय के मन में उभर रहा है। 14 तारीख के इस जनआंदोलन में समाज के हितैषी तो अवश्य उपस्थित होंगे, किंतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति और समर्थन भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि समाज ने उन्हें जिन उम्मीदों और विश्वास के साथ चुना है, वे अपेक्षाएँ आज पहले से कहीं अधिक पुकार रही हैं। आरक्षण केवल पदों तक पहुँचने का माध्यम नहीं है, बल्कि वह समाज द्वारा दिए गए सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## मीडिया एंड इंटरटेनमेंट ट्रेड के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण

**दुधावा।** मीडिया और तकनीक आधारित शिक्षा को व्यवहारिक रूप में समझाने के उद्देश्य से सेजेस दुधावा के मीडिया एंड इंटरटेनमेंट ट्रेड के विद्यार्थियों ने बेलर स्थित निखिल कंप्यूटर एजुकेशन एवं प्रिंटिंग प्रेस का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को वास्तविक तकनीकी वातावरण से रूबरू कराने और उनके करियर दृष्टिकोण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर तकनीक, ग्राफिक डिज़ाइनिंग, प्रिंटिंग तकनीक, डिजिटल मीडिया, करियर अवसरों तथा स्वरोजगार के विकल्पों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान संस्थान प्रमुख फलेश साहू एवं प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न आधुनिक तकनीकी प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रायोगिक प्रदर्शन कराया। छात्रों को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की संरचना, ग्राफिक डिज़ाइन, लोगो डेवलपमेंट, आई-कार्ड निर्माण, फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रक्रिया तथा डिजिटल मार्केटिंग के मूल सिद्धांतों का लाइव प्रदर्शन दिखाया गया। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने न केवल तकनीकी प्रक्रियाओं को समझा बल्कि स्वयं कई गतिविधियों में सहभागिता करते हुए व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। इससे उनके अंदर तकनीकी क्षेत्रों के प्रति नई जिज्ञासा और सीखने की ललक बढ़ी।

### विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास

विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन रामटेके ने इस भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक दुनिया की तकनीकी चुनौतियों और अवसरों से परिचित कराते हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षक पुरुषोत्तम लाल सिन्हा ने मीडिया एवं कंप्यूटर तकनीक क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों को स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की प्रेरणा मिल रही है।



## आवासीय प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 11 दिसम्बर को

**कांकेर।** लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में विभिन्न कोर्स के लिए आवासीय प्रशिक्षण के लिए कांकेर जिले के सभी ब्लॉक के युवाओं की काउंसिलिंग का आयोजन आगामी 11 दिसंबर को किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि उक्त काउंसिलिंग सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में आयोजित होगी। जिसमें बेरोजगार युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए नर्सिंग, सिक्योरिटी गार्ड, अस्सिटेंट इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयर कोर्स में प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग की जाएगी। इच्छुक युवाओं को आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

बालिकाओं में राजनांदगांव, बालकों में गोविंदपुर विजेता

## बनसागर में राज्य स्तरीय डे नाइट कबड्डी स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, जीता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनसागर



नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बनसागर में शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय डे–नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मैदान में देर रात तक खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बांधे रखा। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सावित्री वट्टी ने किया तथा अध्यक्षता सरपंच संदीप कुंजाम ने किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतियोगिता से युवा नशे से दूर रहते हैं और स्वयं के साथ गाँव–समाज का विकास करते हैं। हार–जीत खेल का हिस्सा है, पर हार कभी निराशा नहीं, बल्कि अगली जीत की प्रेरणा देती है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों को आगे भी बढ़ावा दिया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी ऊर्जा, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़कर अपने क्षेत्र का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 06 टीम, बालक वर्ग 24 टीम, युवा वर्ग 54 टीम कुल 84 मैदान पर लगातार तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह का माहौल बना रहा। युवा वर्ग के प्रमुख सहयोगियों में कपिल वट्टी, सुरेंद्र वट्टी, संतोष मंडावी, मनोहर कुंजाम, विवेक नेताम, पुनीत कुंजाम, समीर निषाद, राहुल कुंजाम, घसिया कोर्राम सहित खिलाड़ी सदस्य सक्रिय रहे। समापन अवसर पर समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, रेफरी व ग्रामीण दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी स्तर की खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वार्ड पंच लता कुंजाम, पतरो कुंजाम, सतरूपा कुंजाम, चंद्रिका कावडे, चंपा देवी सुरोजिया, परशुराम नेताम, विजय नेताम, सुरेखा नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ये रहे विजेता

बालिका वर्ग में प्रथम राजनंदगांव, द्वितीय रायपुर, तृतीय कोरर, चतुर्थ बनसागर। युवा वर्ग में प्रथम पदमेपुर धमतरी, द्वितीय तरसीवा धमतरी तृतीय बिलासपुर, चतुर्थ बनसागर। बालक वर्ग प्रथम गोविंदपुर, द्वितीय चवाड़ तृतीय चिटौद बालोद, चतुर्थ गोंडवाना क्लब नयापारा रहा। विजेता टीमों को नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

पेज 11 के शेष...

### नल-जल योजना...

अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्रों में भी कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात सामने आई। लगातार चोरी की घटनाओं से परेशान पुलिस के लिए यह गिरफ्तारी बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेएम न्यायालय भानुप्रतापपुर में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मामला थाना कोयलीबेड़ा के अपराध क्रमांक 10/2025 में धारा 305, 331(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और चोरी के सामान की बिक्री के नेटवर्क की जांच कर रही है, ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके।

### नाथियानवागांव सड़क...

इलाज के दौरान वासुदेव रायस्त और रामचंद्र कोठवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे युवक अरुण हिचामी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे के एक से दो घंटे तक युवकों की पहचान भी नहीं हो सकी थी, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। गांव में दो युवकों की मौत से शोक की लहर फैल गई है।

### बिना पर्ची दवा...

सरकारी कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न की। हद तो तब हो गई जब उसने स्टाफ का मोबाइल तक छीन लिया। घटना के दौरान सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे, पर युवक के उत्पात से मरीजों की देखरेख प्रभावित हुई। पूरे अस्पताल में युवक के उपद्रव व हुड़दंग से अस्पताल का माहौल खराब हो गया और अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**अपराध दर्ज, विवेचना शुरू**

चिकित्सक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी सौरभ नेताम के खिलाफ धारा 221, 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू कर दिया है।

### बेटे की बेरहमी...

नहीं करते और मां के साथ बाजार में घूमते रहते हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच नंदलाल गाली-गलौज पर उतर आया और फिर जान से मार देने की धमकी देने लगा। गुस्से में आकर उसने हाथ में मौजूद टंगिया से अपने पिता पर हमला कर दिया। पहला वार बजनाथ के सिर को निशाना बनाकर किया गया, जिससे उनके दाहिने हिस्से में चोट आई। इतने पर भी नंदलाल नहीं रुका और उसने दूसरा वार किया, हालांकि बजनाथ ने तेजी से पीछे हटकर खुद को बचा लिया। इसके बावजूद उनके सीने में चोट लग गई। मौके पर मौजूद फुलसिंग और बजनाथ की पत्नी बुलको बाई ने घायल बुजुर्ग को बचाने के लिए बीच-बचाव किया। ग्रामीणों की तत्परता से बुजुर्ग की जान बच सकी। गांव में हुई इस चौंकाने वाली घटना ने पारिवारिक तनाव और बढ़ती घरेलू हिंसा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही दुर्गुकोंदल पुलिस ने आरोपी नंदलाल यादव के खिलाफ धारा 109 और 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

**आरोपी बेटे को भेजा गया जेल**

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपराध करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल टंगिया भी जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपी को 09 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया

### सारवण्डी से पृथक...

प्रदान किया गया है। यह निर्णय क्षेत्रीय प्रशासनिक सुविधा, बेहतर राजस्व प्रबंधन एवं स्थानीय ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नई अधिसूचना के लागू होने से ग्राम साल्हेटोला अब स्वतंत्र राजस्व ग्राम के रूप में स्थापित हो गया है।\

### विधायक विक्रम की...

स्थानीय स्तर पर उपार्जन केंद्र की मांग की थी, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने दूरस्थ केंद्रों तक न जाना पड़े। उनकी इस समस्या को समझते हुए विधायक ने तुरंत शासन-प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करवाईं। अब तक मन्हाकाल, छोटे-बोदेली, कडमे सहित आसपास के गांवों के किसानों को कई किलोमीटर दूर जाकर धान बेचना पड़ता था। इससे समय, श्रम और परिवहन पर अतिरिक्त खर्च होता था। नया धान उपार्जन केंद्र शुरू होने से किसानों को अपनी उपज यहीं बेचने की सुविधा मिल गई है, जिससे उनके आर्थिक और शारीरिक दोनों प्रकार के बोझ में कमी आएगी। उद्घाटन अवसर पर गायत फागू राम, पटेल बिकेश कुमार, अध्यक्ष अजय देहारी, पेनवो बिसाऊ, सरपंच केदूराम पोटाई (छोटे बोदेली), सरपंच नितेश नरेटी (कडमे) सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संतुराम का अग्नि वीर भारतीय थल सेना में चयन

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी छात्र संतु राम अतरा पिता जगतू राम अतरा ग्राम मसेनार



दंतेवाड़ा निवासी ने अग्नि वीर भारतीय थल सेना में चयनित होकर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन किया है। इस संबंध में एनसीसी प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि सेना में सेवाएं देने के लिए एनसीसी एक उत्कृष्ट माध्यम है। एनएसएस संगठन सेना के प्रति जोश और जज्बे के भावनाओ से युवाओं को प्रेरित करता है। इसी से प्रेरणा लेकर आज संतु राम अतरा ने थल सेना अग्निवीर में चयन होकर उपलब्धि को प्राप्त किया है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के एम प्रसाद ने अग्नि वीर चयन होने पर उक्त छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मतदाता पुनरीक्षण दावा-आपत्ति 16 से

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रगति पर है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गई है।

## निधन

### योगेश बत्रा

**जगदलपुर।** शहर के बालाजी वार्ड निवासी योगेश बत्रा(69) का मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे उपचार के दौरान निधन हो गया है।



तबियत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था,जहां वे अंतिम सांस ली। हंसमुख और मिलनसार के धनी योगेश अपने पीछे पत्नी एक पुत्र,दो पुत्रियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## हाईवे में बने गड्ढों से वाहन चालक परेशान

# एनएच पर जानलेवा गड्ढे, रोजाना हादसे, लोगों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम/ मददेड़

बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र के मददेड़ के नेशनल हाईवे 30 के मुख्य मार्ग पर कुछ जगहों पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहें है।

जर्जर व गड्ढे में तब्दील सड़क वाहन चालकों के लिए परेशानी व जानलेवा बना हुआ है। दुपहिया सवार आए दिन दुर्घटना ग्रस्त होकर चोटिल हो रहे है। मददेड के पेगडापलली, पसपुलनाला के पास सड़क मार्ग पर बीचों बीच बढ़ा गड्ढा जिससे कि दो पहिया और चार पहिया वाहनों को यहां से गुजरने में परेशानी हो रहीं। बीजापुर से भोपालपटनम की ओर आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों के चालकों ने बताया कि चलते-चलते सड़क पर गड्ढा आ जाता है, अनुमान लगाना मुश्किल है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। दो पहिया वाहन चालकों को तो आए दिन दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। बता दे कि कुछ महीने पहले ही इस सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क की हालत जर्जर हो गई है। इस सड़क के ऊपर बने पुल के ऊपर से गुजरना मौत को आमंत्रित करने जैसा ही है, क्योंकि पुल के ऊपर की सड़क पार करते ही बड़ी दुर्घटना हो सकती। इसी मार्ग से आये दिन मंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य बड़े अधिकारियों का आना जाना होता है, मगर गड्ढों के ऊपर किसी की नजर नहीं पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही व स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण उक्त गड्ढे का काम नहीं कराना जानलेवा साबित हो रहा है।

- कुछ महीने पहले ही इस सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क की हालत जर्जर






## विश्वविद्यालयीन खेल में खिलाड़ियों का चयन

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय के खिलाड़ी नवलीन बड़ा एवं ओम कुमार काका ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालयीन स्तर के लिए



चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 एवं 12 नवंबर को शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में आयोजित हुई थी। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक के मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अब ये दोनों खिलाड़ी 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय बिहार में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएम. प्रसाद, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नाबाला मोहंती, डॉ. अंजलि कश्यप, डॉ. दिनेश कुमार लहरी सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।

## शीतला माता मंदिर में हुआ सालाना जात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

गीदम नगर के शीतला माता मंदिर में वार्षिक जात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस अवसर पर ब्लाक मुख्यालय के अलावा दंतेवाड़ा, बारसूर, समलूर, रोंजे, छिन्दनार, घोटपाल, कासोली जैसे दूर-दराज इलाकों से भी लोग पहुंचे।

मेले में आसपास के व्यापारी अपनी दुकान लगाते हैं, जिसमें ग्रामीण अपने जरूरत का सामान खरीदते हैं। परम्पराओं के चलते भी जात्रा में पहुंचने वाले लोग कुछ न कुछ सामान अवश्य खरीदते हैं। इस अवसर पर माता के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ एकत्रित होते हैं और इन जात्राओं में क्षेत्र के विकास और खेती-बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है।

मेले में पहुंचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिए चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते हैं और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते हैं। गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शनों के लिए दिन भर भक्तों का ताता लगा रहा। साथ ही क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर माता के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की।

इस तीन दिवसीय जात्रा में 8 दिसंबर को शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू हुई। दूसरे दिन 9 दिसंबर को गांवदई भैरमबाबा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, उड़ियानाट, आदिवासी नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तीसरे दिन 10 दिसंबर को देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

## शिक्षक कल्याण संघ का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय आह्वान पर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव डेसनाथ के मार्गदर्शन मे मंगलवार को ज़िला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक बकावंड के सुंडी समाज भवन में किया गया। जिसमें बस्तर जिले से सभी ब्लॉक के अध्यक्ष निधि आनन्द, सूदनराम मौर्य, तुलसी साहू, मसूराम मंडावी, जिलाध्यक्ष कृष्णा बघेल, अमलैस ठाकुर संभागीय अध्यक्ष सहित लगभग सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि 1998 99 के शिक्षक साथी सब एक हैं और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत पेंशन पर हमारा पूर्ण अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे।

बैठक में सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सेवानिवृत्त शिक्षिका को प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सम्मेलन में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत कर एक सूत्रीय मांग 1998 99 शिक्षक एलवी संवर्ग को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत सकल लाभ देने हेतु शासन अतिशीघ्र आदेश जारी करने सम्बन्धी विषय पर विचार विमर्श किया तथा रणनीतियां बनाई गई। प्रांतीय निर्देशानुसार एकजुटता के साथ कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में बस्तर जिला के सभी ब्लॉक के पदाधिकारी गण एवं सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## 688 लोगों ने आयुष स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मोहनीश साहू के दिशा निर्देश पर मंगलवार को ग्राम लामकेर में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन।

शिविर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और सभी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन शिविरों से दूर-दूर ग्रामीण इलाकों के लोगों को आसानी से चिकित्सा सुविधा मिलती है। जिन्हें बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। आयुष शिविर में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, सरपंच लक्ष्मण कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों ने भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन में रोग के उपचार के साथ निरोग रहने के लिए भी प्रेरित करता है। आयुर्वेद की औषधियां से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके द्वारा पर ही स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार कर निशुल्क औषधि प्रदान किया गया। जिसमें बीपी 35, शुगर 22,एचबी 25 जांच किया गया एवं स्वास्थ्यवर्धक आयुर्वेद काड़ा का 733 लोगो को वितरण भी किया गया। आयुष शिविर में 688 लोगों ने आयुष स्वास्थ्य शिविर में लाभ लिए। इस दौरान डॉ टीएस बढ़ई, डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ विनोद सिंह, डॉ नित्यानंद भोई,डॉ कविता राठिया, डॉ खिलेश्वरी नेताम ने सेवाएं दी।




## मद्देड़ में व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बंद





हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम/ मददेड़

सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की संदिग्ध मृत्यु के विरोध में आज मंगलवार को समूचा बस्तर बंद आयोजित किया गया। इसी कड़ी में भोपाल पटनम के मददेड क्षेत्र में भी सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में पूरे बंद का समर्थन किया गया है। सुबह से मददेड के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और दुकाने बंद है।

व्यापारी गण शांतिपूर्वक बंद को सफल बनाने में सहयोग किया। आदिवासी समाज ने कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक न्याय की इस लड़ाई को जारी रखा जाएगा।

## विद्यालय के 20 वर्ष पूरे होने पर उमड़ा पूर्व छात्राओं का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बैचों के अनेक पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- आयोजित हुआ एल्यूमनी मीट, पूर्व छात्राओं ने साझा किए अपने अनुभव



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एचएल नेताम रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे अतिथि स्वागत एवं शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों मे प्राचार्य एकलव्य विद्यालय दंतेवाड़ा डॉ. दीपक सिंह, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय गीदम तथा प्राचार्य एकलव्य विद्यालय कुआकोंडा वृषभान खांडेकर उपस्थित रहे। शिक्षकगण द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उपप्राचार्य टीएल साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने कहा की शिक्षक का सच्चा पुरस्कार तभी मिलता है जब उसके विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करते हैं।

आज आप सभी को सफल, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी देखकर हम शिक्षकों का हृदय आनंद से भर उठा। संचालनकर्ता शिवकुमार कंवर एवं अजय सिंह ने एल्यूमनी मीट के उद्देश्य, महत्व तथा विद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को सुदृढ़ बनाने में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मंच वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल, पीटी गतिविधियां तथा अनुभव-साझा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें चयनित पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों, संघर्षों तथा विद्यालय से जुड़ी प्रेरक स्मृतियां साझा कीं। एकलव्य विद्यालय कुआकोंडा की प्राचार्य वृषभान खांडेकर ने पूर्व छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। वहीं दंतेवाड़ा के प्राचार्य डॉ. दीपक सिंह ने एल्युमनी की सफलता को विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि एच एल नेताम ने अपने संबोधन में विद्यालय के प्रारंभिक दौर की चुनौतियों और उपलब्धियों को याद करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

प्राचार्य कुलदीप सिंह ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पूर्व छात्रों के निरंतर सहयोग और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद एकलव्य विद्यालय का विकास एवं एल्यूमनी की भूमिका विषय पर समूह चर्चा आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय के शैक्षिक, सांस्कृतिक व अधोसंरचनात्मक विकास के लिए अनेक रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो सेशन, धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डीआर. रात्रे द्वारा तथा अल्पाहार के साथ हुआ। एल्यूमनी मीट के अंतर्गत सद्भावना वॉलीबॉल मैच तथा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया।

## नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य का नींव रखता आस्था आवासीय विद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में संचालित आस्था आवासीय विद्यालय ने अनाथ एवं निराश्रित बच्चों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। माओवादी हिंसा से प्रभावित एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को सर्वांगीण सुविधापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ समर्थ और योग्य नागरिक के रूप में उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाना इस आवासीय विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है।

वर्ष 2007-08 में जिला मुख्यालय में गुरुकुल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई थी। जिसे अब जावंगा एजुकेशन सिटी स्थानांतरित किया जा चुका है। इस संस्थान में कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्रता अनुसार बच्चों का चयन किया जाता है, जिससे वे शिक्षा, सुरक्षा और संवेदनशील वातावरण में आगे बढ़ सकें। यह संस्थान अब अत्याधुनिक भवन, सुरक्षित परिसर, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, खेल मैदान, संगीत एवं योग जैसी सुविधाओं के साथ यह विद्यालय बच्चों के समग्र विकास का केंद्र बन चुका है। विद्यालय में शिक्षक और स्टाफ बच्चों को परिवार की तरह स्नेह और सहयोग प्रदान करते हैं। मृदु व्यवहार, सहनशीलता और भावनात्मक समर्थन के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया जाता है। छात्रावास में पूर्णकालिक अधीक्षक बच्चों की देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

## जेल में 92 शिक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन महापरीक्षा का आयोजन रविवार 7 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिले के कुल 548 केन्द्रों में किया गया। जिले में कुल पंजीकृत शिक्षार्थी 43616 थे। जिसमें से कुल महिला 26920 व पुरुष 16696 शिक्षार्थी थे। परीक्षा में कुल 34807 परीक्षार्थी, महिला 22743 व पुरुष 12064 सम्मिलित हुए। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होने हेतु पंजीकृत शिक्षार्थियों को मोहल्ला एवं ग्राम पंचायत साक्षरता केन्द्रों में पढ़ाई कराया गया। विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी उत्साह पूर्वक परीक्षा में बैठे। परीक्षा में अधिक उम्र के पुरुष एवं महिला शिक्षार्थियों में भी उत्साह देखा गया।

इस क्रम में जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरुद्ध बंदियों हेतु जेल में परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जिसमें 92 नव साक्षर बंदी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुये। जिला जेल दन्तेवाड़ा में भी कुल 100 बंदी शिक्षार्थी पंजीकृत थे। इस संबंध में प्रभारी जेल अधीक्षक अलोइस कुजूर द्वारा बताया गया कि जेल में परिरुद्ध निरक्षर बंदियों को साक्षर करने हेतु जेल में निरंतर साक्षरता की कक्षाएं संचालित किया जा रहा है । जेल में शिक्षक पदस्थ है जिनके द्वारा निरक्षर बंदियों को लिखना, पढ़ना एवं प्रारंभिक शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दंतेवाड़ा के सहयोग एवं मार्गदर्शन में जेल में परिरूद्ध बंदियों को उल्लास राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु जेल में उल्लास केन्द्र बनाया गया। साथ ही जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए साक्षरता की पुस्तके कापी एवं अन्य साधन उपलब्ध कराई गई। और पंजीकृत बंदियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ उक्त परीक्षा दिलाई।

## ई-गवर्नेंस की अभिनव पहल, अब डिजिटल चैटबॉट की रिपोर्टिंग से होती है आंगनबाड़ी मॉनिटरिंग

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिले में आंगनवाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल नवाचार की दिशा में अनूठी पहल की गई है। जिले में संचालित कुल 1062 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 23 जुलाई से एक



विशेष टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस टेलीग्राम ग्रुप की खासियत यह है कि इसमें एक चैट बॉट आधारित एआई तकनीक का उपयोग किया गया है, जो कि केवल दंतेवाड़ा जिले में ही लागू की गई है और यह नवाचार राज्य में अपनी तरह का पहला प्रयास है। कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाड़ियों में प्रदाय किए गए। नाश्ता एवं दोपहर के भोजन, शाला पूर्व शिक्षा, टीकाकरण तथा अन्य गतिविधियों की फोटो भेजते ही चैट बॉट उनके नाम सहित प्रमाणीकरण संदेश स्वयं भेजता है। साथ ही प्रतिदिन दोपहर 2 बजे स्वचालित रिपोर्ट तैयार कर यह बताता है कि कितने कार्यकर्ताओं ने समय पर रिपोर्ट भेजी है और कितनों ने नहीं। इसके अलावा लगातार बेहतर रिपोर्टिंग करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की रैंकिंग जारी कर उन्हें सराहा भी जाता है।

## बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले में संचालित सभी विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर गति लाने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की और प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही बस्तर ओलंपिक के संभागीय स्तर के आयोजन को ध्यान में रखते हुए चयनित खिलाड़ियों के आवागमन, ठहरने और भोजन व्यवस्था को पूर्णतः सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संभागीय नोडल अधिकारियों से सतत समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया। कलेक्टर ने बताया कि 14 दिसंबर को प्रस्तावित विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय-सीमा में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराएं। साथ ही बिना पूर्व अनुमति किसी भी अधिकारी को अवकाश लेने या मुख्यालय छोड़ने पर सख्त मनाही रहेगी। धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने बारदाना उपलब्धता, टोकन वितरण और खरीदी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली तथा प्रक्रिया को सुचारू रखने के निर्देश दिए। संबंधित नोडल अधिकारियों को निरंतर निगरानी और केन्द्रों के निरीक्षण करने को कहा गया।

सड़क, बिजली-पानी के कार्यों सहित स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर हस्ताक्षर अभियान

**कांकेर।** शासकीय इंदू केवट कन्या महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सभी विद्यार्थियों से संवाद करके हस्ताक्षर के माध्यम से 9 दिसंबर को समर्थन मांगा गया। उनको बताया गया कि चुनाव की प्रक्रिया में लगने वाला सुरक्षा और अन्य कार्रवाई में होने वाला खर्च बहुत अधिक होगा, यदि एक साथ चुनाव होगा तो बहुत राशि बचेगी, उस राशि को जनकल्याणकारी योजनाओं में लग सकेगा। से स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर लिए गए। इस अवसर पर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक रोशन साहू, सह संयोजक अमन जैन, भूपेंद्र नाग, अजितेश दत्ता रॉय,योगेश जैन, अंकित टावरी, नितेश सलाम उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए जिला बलौदाबाजार के टेहका निवासी 49 वर्षीय कौशल ध्रुव का 7 दिसंबर को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो थाना कांकेर में लाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को मौके पर प्रदान किया सहायक उपकरण



**कांकेर।** कलेक्टर जनदर्शन के दौरान चार दिव्यांगजन द्वारा सहायक उपकरण एवं पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें जनपद नरहरपुर के ग्राम मानिकपुर निवासी थानोबाई को व्हीलचेयर, चारामा अंतर्गत ग्राम लीलेझर निवासी ग्वालाराम को बैसाखी तथा जनपद पंचायत नरहरपुर के निवासी संतोषी को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। सभी दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सखी वन स्टॉप सेन्टर संचालन के लिए अंतिम पात्र सूची प्रकाशित

**कांकेर।** मिशन शक्ति अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेन्टर के संचालन के लिए विभिन्न पदों के लिए प्रस्तुत आवेदन पत्रों के विरूद्ध दावा-आपत्ति के निराकरण उपरान्त जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अंतिम पात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट एवं कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर के सूचना पटल पर भी किया जा सकता है।

### शराब पीने की दे रहे थे सुविधा, दो को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 8 दिसंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस को आता देख शराबी भागने में कामयाब हुए। बांदे थानांतर्गत पीव्ही 107 शक्तिनगर निवासी देवनदी अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए लोगो को शराब पिने का सुविध दे रही थी। मौके पर आरोपी के कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया गया। आरोपी ईरपानार निवासी तपन तस्वा के कब्जे से 60 एमएल महुआ शराब को जप्त किया। दोनो आरोपी के खिलाफ बांदे पुलिस ने धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# कन्या कालेज में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय इंदरू केवट कन्या महाविद्यालय में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनजातीय समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक योगदान के साथ-साथ देश की स्वतंत्रता के संघर्ष में उनके अद्वितीय साथ को विस्तार से उजागर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कोंडागांव से आए बलिराम नेताम ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास केवल संघर्षों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, सामाजिक सहयोग और आध्यात्मिक समरसता का अनुपम उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि जहाँ 1857 को भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में जाना जाता है, वहीं इससे बहुत पहले देश के कई हिस्सों में जनजाति समूहों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ संगठित प्रयास किए थे। बिरसा मुंडा और वीर नारायण सिंह जैसे कई महान वीरों के नाम तो इतिहास में दर्ज हैं, लेकिन अनेक ऐसे वीर आज भी अनजान हैं जिनके योगदान को सामने लाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मीरा सलाम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास केवल घटनाओं का संग्रह नहीं है, बल्कि वह हमारी पहचान और प्रेरणा का आधार है। उन्होंने रानी दुर्गावती के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी देश और समाज के हित में कार्य करना ही सच्चा नेतृत्व है।

## स्वतंत्रता के संघर्ष में उनके योगदान को बताया गया

### समाज अपने अतीत को जाने

विशेष अतिथि स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इतिहासकार डॉ. चेतन राम पटेल ने विशेष रूप से बस्तर की जनजातियों के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुनील कुमार साहू ने किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है कि वह अपने अतीत को जाने और उससे प्रेरणा लेकर भविष्य निर्माण की दिशा में आगे बढ़े।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रो. आरती मरकाम, प्रो. रश्मि नाग, प्रो. मनोज गोटी, प्रो. योगराज साहू, प्रो. रीना जामुनकर, प्रो. सुमन साहू, प्रो. दीप्ती सोनी, प्रो. तरन्नुम, प्रो. मुमताज, प्रो. नेहा बघेल, प्रो. भीष्म देव साहू, क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र रजक, लाइब्रेरियन गुणवान जांगड़े, राजकुमारी गड़पाले, रेखा तोप्पा, हिमांशी कवड़े सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

## आयोजन: औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षण संवर्धन कार्यशाला भी

# खमढोड़गी जलाशय में कलेक्टर ने किया काय किंग बोट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम खमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमार्री पहाड़ एवं आसपास के वन क्षेत्र में दो दिवसीय औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षण संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों एवं स्थानीय वैद्य-परंपराओं से जुड़े ज्ञानियों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय पौधों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण और पारंपरिक उपयोग पर महत्वपूर्ण अध्ययन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने विद्यार्थियों के शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकालकर वास्तविक रूप में देखते हैं, तभी सीखना सार्थक बनता है। औषधीय पौधों की पहचान और पारंपरिक उपचार पद्धतियों से भविष्य की पीढ़ी प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनेगी। उन्होंने बताया कि बीएएमएस की पढ़ाई के दौरान उन्हें औषधीय पौधों और आयुर्वेद में विशेष रुचि रही है। कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर क्षीरसागर, विशिष्ट अतिथियों एवं विज्ञान संचारकों ने खमढोड़गी जलाशय परियोजना में बैम्बू राफ्टिंग का अनुभव लिया। पद्मश्री अजय कुमार मंडावी ने कहा कि जंगल, हमारी संस्कृति, आयुर्वेद और आध्यात्मिक परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। ऐसी यात्राएँ जंगल की पहचान और जनजातीय ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम हैं। डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने कहा कि स्थानीय जनजातीय ज्ञान और वैज्ञानिक शोध मिलकर ही औषधीय पौधों का वास्तविक मूल्य समझा सकते हैं। कार्यक्रम में कुमार मंडावी द्वारा विद्यार्थियों की विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, स्थानीय औषधीय जड़ी-बूटी स्टॉल और जंगल एवं जनजातीय चिकित्सा पद्धति पर आधारित इंटरएक्टिव डिस्प्ले लगाए गए, जिनकी अतिथियों ने विशेष प्रशंसा की और इसे ग्रामीण विज्ञान शिक्षा में नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इसी अवसर पर 07 दिसंबर रविवार को कलेक्टर ने कायकिंग बोट गतिविधि का भी शुभारंभ किया, जिससे जलाशय में साहसिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। अब खमढोड़गी जलाशय में राफ्टिंग के साथ कायकिंग भी उपलब्ध होगी, जो रोमांच प्रेमियों और पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण बनेगा।

**सैकड़ों औषधीय पौधों की पहचान कर उनका किया अध्ययन**



कुरूमार्री पहाड़ की जैव-विविधता, औषधीय ज्ञान और पर्यावरणीय संवर्धन को समर्पित यह आयोजन स्थानीय समुदाय के साथ-साथ प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए सीखने का अद्वितीय अवसर बना और साथ ही खमढोड़गी जलाशय में नई साहसिक गतिविधियों की शुरुआत स्थानीय पर्यटन को नई दिशा प्रदान करेगी और क्षेत्र की पहचान को मजबूत करेगी।

### ये हुए शामिल

ट्रेकिंग एवं खोज यात्रा में बृजलाल मंडावी, मनीष अहिर, लखन साहू, कुमार मंडावी, समीक्षा गायकवाड़, भारती तिवारी, भुनेश्वर मरकाम, हेमंत उइके, लीना ठाकुर, चंद्रिका सिंह, स्वाति गंधर्व, संदीप सेन, पूरन लाल साहू, प्रमोद, प्रदीप कुमार मंडावी, हपका मुक्ता सहित अनेक शिक्षक शामिल हुए। उत्कृष्ट खोजी विद्यार्थी भूयांश मंडावी, समस्त गायता, ग्राम प्रमुख, नवयुवक मंडल एवं पर्यावरण मित्र सेना की उपस्थिति उल्लेखनीय रही एवं डॉ. आशीष नायक, डॉ. अलका मरकाम, सरपंच निशा दुगा, ग्राम सभा अध्यक्ष अनिता मंडावी, पूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी, एलआर सिन्हा तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला शामिल रहे।

# फर्जी नियुक्ति मामले में सचिव निरंजन को जारी की गई कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



जिले के पखांजूर क्षेत्र में मेकावाही की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर हुई कथित फर्जी नियुक्ति का मामला लगातार गर्माता जा रहा है। जाँच रिपोर्ट के उच्च अधिकारियों तक पहुँचते ही इस मुद्दे ने नया मोड़ ले लिया है। महिला बाल विकास विभाग ने जहाँ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा बैरागी की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा कर दी है, वहीं पंचायत सचिव एवं सचिव संघ अध्यक्ष निरंजन सरकार अब इस विवाद के सीधे घेरे में आ गए हैं। ग्रामीणों के गंभीर आरोपों को देखते हुए जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा ने सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूजा बैरागी ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नौकरी हासिल की और इस दस्तावेज को जारी करने में सचिव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रामीण मनोज बोघा ने बताया कि यह प्रमाण पत्र 10 सितंबर 2024 को सचिव द्वारा जारी किया गया था, जिसके बाद पूरे एक वर्ष तक इसे रद्द नहीं किया गया। एसडीएम और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त जाँच में यह प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया, जिसके बाद विभाग ने 29 नवंबर 2025 को रिपोर्ट भेजकर नियुक्ति निरस्त करने की स्पष्ट अनुशंसा कर दी। जाँच में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी और तेज हो गई। उनका कहना है कि यदि दस्तावेज संदिग्ध था तो सचिव ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की। इसी बढ़ते आक्रोश और आरोपों पर संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों ने सचिव निरंजन सरकार से जवाब तलब किया है। नोटिस में उनसे पूछा गया है कि फर्जी प्रमाण पत्र कैसे जारी हुआ और एक साल तक इसे अमान्य क्यों नहीं घोषित किया गया।

### पारदर्शिता पर उठे सवाल

अब इस पूरे मामले में अंतिम फैसला जनपद पंचायत की शिक्षा समिति की अनुशंसा के बाद होगा। हालांकि ग्रामीणों की नजरें अब सचिव के जवाब और उनके खिलाफ संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। पखांजूर में यह मुद्दा प्रशासनिक जिम्मेदारियों और पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

# शहीद वीर नारायण सिंह जयंती पर निकाली गई शहादत रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महान क्रांतिकारी, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के प्रतीक और आदिवासी समाज के अमर शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर कांकेर में शहादत रैली का आयोजन किया गया। आदिवासी युवा छात्र संगठन एवं क्षेत्र के समस्त युवा साथियों की सहभागिता से निकाली गई। यह रैली जन-जागरुकता, संस्कृति संरक्षण और सामाजिक संदेशों से सराबोर रही।

■ जन-जागरुकता, संस्कृति संरक्षण और सामाजिक संदेशों से सराबोर रही

शहादत रैली गोंडवाना भवन भीरावही से प्रारंभ होकर नए बस स्टैंड तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन, संघर्ष और बलिदान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया। नारों, बैनरों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं ने इस महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली के समापन पर नए बस स्टैंड स्थित डोम में विशाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने वर्तमान समय में जल, जंगल, जमीन, संस्कृति संरक्षण और नशा मुक्ति को लेकर कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान हासपेन जीवन ठाकुर की जेल कस्टडी में हुई मौत के मामले में निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। सभा में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की अस्मिता, परंपराएं और अधिकार निरंतर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में युवाओं की जागरूकता और एकजुटता ही समाज को मजबूत बनाएगी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह द्वारा अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध लड़ी गई लड़ाई को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

### युवाओं में दिखा जोश व अनुशासन

आयोजन के दौरान युवाओं में जोश, अनुशासन और शहीद वीर नारायण सिंह के प्रति सम्मान की भावना देखने योग्य थी। रैली और सभा ने यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव एकजुट है और शहीद वीर नारायण सिंह की विरासत नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है।

# अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की दो होनहार बालिका खिलाड़ियों ने जिले और महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर देविका एवं दिव्या का चयन एआईयू द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता सत्र 2025–26 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 से 15 दिसंबर तक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के विश्वविद्यालयों की श्रेष्ठ टीमें सहभागिता करेंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की तैयारी के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर द्वारा जगदलपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में दोनों खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर अपने खेल कौशल को निखार रही हैं। महाविद्यालय की इन बेटियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सफल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय परिवार को विश्वास है कि देविका एवं दिव्या अपने बेहतरीन खेल से विश्वविद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगी।



■ देविका एवं दिव्या का चयन एआईयू ने किया

# सरपंच सनबती ने पंचायत के स्कूलों में किया लाउडस्पीकर भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल की सरपंच सनबती आचला ने अपने पंचायत के स्कूल में सयुंक्त रूप से दोनों प्राथमिक शाला और उच्च प्राथमिक स्कूल सोड़े और हिन्दूबिनापाल के बच्चों को स्टेनजर्र लाउडस्पीकर प्रदान किया। स्कूलों में बैटरी लाउडस्पीकर मिलने से बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने सरपंच के जन्म दिवस की जानकारी मिलने पर उसी लाइडस्पीकर से शानदार नृत्य करके व स्वागत गीत से सेलिब्रेशन कर सरपंच व उपस्थित सभी का स्वागत हुआ। शिक्षको ने कहा की अब स्कूल की हर गतिविधियों में लाउडस्पीकर का उपयोग करेंगे, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास होगा और साथ ही जो डर व झिझक रहता हैं वो दूर होगा और बच्चें अच्छे से अपनी बात रख सकेंगे। बच्चों में अलग निखार आएगा जो भविष्य में बहुत ज्यादा बच्चों को फायदा होगा। इस अवसर पर सरपंच सनबती आचला ने बताया की आज ग्राम सोड़े और हिन्दूबिनापाल के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को प्रदान की गई है। आने वाला समय में अपने पंचायत के जितने भी प्राथमिक स्कूल हैं। उन सभी स्कूलों में बहुत जल्द लाउडस्पीकर दिया जाएगा और साथ ही ग्राम सोड़े और हिन्दूबिनापाल के कोटवारों को भी लाउडस्पीकर दिया जाएगा। सरपंच ने बताया की बच्चे सामान्य बोलचाल स्कूल में तो आते ही हैं, लेकिन ऐसा कोई उत्सव या कार्यक्रम में बच्चें झिझकते या डरते हैं, लेकिन हर गतिविधि में अब लाउडस्पीकर से प्रत्येक दिन वार्तालाप होगा तो बच्चों का मनोबल व उत्साह बढ़ेगा, जिससे बच्चों को भविष्य में फायदा मिलेगा। सरपंच ने शिक्षको से अपील करते हुए बोली की हर दिन हर बच्चें को सामने आकर बातचीत व अपनी बात रखने का मौका देना, जिससे हर दिन बच्चों में क्या-क्या सुधार होगा उसका भी मूल्यांकन करने शिक्षको को कहा गया। शिक्षा समिति के सभापति व उपसरपंच श्रवण मंडावी ने सभी बच्चों को शुभकामनाए देते हुए बढ़िया पढ़ने व जो भी चीजे समझ नहीं आता उसे अपने शिक्षको से बार बार पूछने बच्चों को कहा गया।

इस अवसर पर वार्डपंच मोडे बाई गावड़े, मानो उसेंडी, अजित आचला, बीरबल समरथ, पटेल रैयसिंह समरथ, दलसु आचला, बंशी समरथ, नीलू समरथ, गणेश आचला, मानकुमार आचला, भजन समरथ, ग्रामीणजनों व शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## मथुरा बाजार से पीव्ही129 मार्ग तक बनाई जा रही रोड

# दो साल से सड़क निर्माण अधूरा, बढ़ रहा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजूर क्षेत्र में मथुरा बाजार से पीव्ही129 मार्ग तक बनने वाली सड़क पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी है, जबकि परियोजना को महज छह माह में पूरा करने का दावा किया गया था। काम के स्थल पर लगा सूचना बोर्ड स्वयं इस बात की गवाही है कि ढाई किमी. लंबाई की इस सड़क निर्माण परियोजना की समय-सीमा बहुत पहले समाप्त हो चुकी है, लेकिन कार्य अब तक ठप पड़ा है। नतीजतन, स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार विकास के दावे तो करती है, पर जमीन पर हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सड़क की बदहाल स्थिति यह दर्शाती है कि विभागीय स्तर पर लापरवाही चरम पर है। जब इस मुद्दे पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई, तो उनका जवाब टालमटोल भरा रहा, जिससे ठेकेदार और अधिकारियों के बीच मिलीभगत की आशंका और गहरी हो जाती है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उभरे हुए पत्थर और कच्चा मार्ग दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाले ग्रामीण, छात्र, बाइक सवार और मरीज अपनी जान जोखिम में डालकर इस मार्ग को पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक इस मार्ग की सुध नहीं ली। निर्माण मद में लाखों रुपये खर्च होने का दावा किया गया है, लेकिन सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। एक ग्रामीण ने बताया कि बारिश के समय यह सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। कई बार लोग फिसलकर घायल हुए हैं, लेकिन आज तक कोई अधिकारी मौके पर स्थिति देखने नहीं आएं।

■ अधिकारी भी नहीं दे रहे सही जवाब






### हादसों में रोक लगाने जल्दी हो पूरा

यह पूरा मामला लोक निर्माण विभाग की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। क्षेत्रवासियों ने माँग की है कि जल्द से जल्द अधूरा सड़क निर्माण पूरा किया जाए, ताकि हादसों पर रोक लगे और आम जनता को राहत मिले। इस संबंध में जब पखांजूर लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411